RNI No. UPHIN/2015/65168

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

परमार्थ संदेश

डाक पंजीयन संख्या UP/GBD-219/2021-2023

सामाजिक समरसता का संवाहक

आईटीएस डेंटल कॉलेज ने एलुमनाई मीट की आयोजित

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज की एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा एलुमनाई मीट का आयोजन मोनार्क, इंदिरापुरम हैबिटेट सेंटर, गाजियाबाद में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न बैचों के विद्यार्थियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ 200 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध एंडोडॉन्टिक्स, पूर्व छात्र डा. निखिल सिन्हा ने एक लेक्चर प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने सभी एलुमनाई को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया तथा अपने जीवन के अनुभव को साझा किया। लेक्चर के दौरान डा. सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एकेडमिक उन्नति एवं क्लीनिकल स्किल्स को बेहतर बनाने हेतु चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक उत्कृष्ट दंत चिकित्सक बनने के लिये दंत चिकित्सक को निरंतर अपने एकेडमिक एवं क्लीनिकल ज्ञान को बढ़ाते रहना चाहिए जिससे वह समाज में रहने वाले मरीजों को उच्च स्तरीय एवं नवीनतम प्रक्रियाओं के साथ दंत उपचार प्रदान कर सकें।

संस्थान के डायरेक्टर पीजी कोर्सेज डा. श्रीनाथ ठाकुर एवं प्रधानाचार्य डा. देवी चरण शेट्टी ने अतिथि वक्ता को मेमेंटो देकर सम्मानित किया और उन्होंने संस्थान के पूर्व छात्रों की जीवन के सभी क्षेत्रों में उपलब्धियों की प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आईटीएस कॉलेज के लिये बहुत गर्व की बात है कि संस्थान के पूर्व छात्र-छात्राएं विभिन्न सरकारी संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों में जिम्मेदारी के पदों पर कार्यरत है। इसके साथ ही उन्होंने अपने अल्मा मेटर के विकास में उनके योगदान की प्रशंसा की और पूर्व छात्रों एवं वर्तमान छात्रों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण उन पूर्व छात्रों का अभिनंदन करना था जो पिछले वर्ष में हमेशा पूर्व छात्रों की एलुमनाई मीट में शामिल हुए हैं। इसके साथ ही सभी पूर्व छात्रों ने डीजे सत्र का आनंद लिया और सभी ने अपनी पसंदीदा धुनों पर नृत्य भी किया तथा सभी ने रात्रि के भोजन का लुत्फ भी उठाया। सभी एलुमनाई ने इस मंच के प्रावधान के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा को धन्यवाद दिया।